# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-27.09.2025**

## “ऑपरेशन सवेरा”

***“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”***

**थाना कैराना पुलिस द्वारा “ऑपरेशन सवेरा” अभियान के क्रम में 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से अवैध 50 ग्राम स्मैक बरामदः-**

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक **पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम** हेतु एक विशेष अभियान **“ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर”** चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के क्रम में **पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह** के कुशल निर्देशन, **अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह** के प्रभावी नेतृत्व तथा **क्षेत्राधिकारी कैराना** के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 26/27.09.2025 की रात्रि में थाना कैराना पुलिस द्वारा **01 मादक पदार्थ तस्कर नसीम उर्फ काला पुत्र जमशेद निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली को अवैध 50 ग्राम स्मैक सहित** गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कैराना पर मु0अ0सं0 603/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त नसीम उर्फ काला उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

- नसीम उर्फ काला पुत्र जमशेद निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरण**

- अवैध 50 ग्राम स्मैक।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

- उ0नि0 श्री यशपाल सिंह थाना कैराना जनपद शामली।
- है0का0 यतेन्द्र भारद्वाज थाना कैराना जनपद शामली।
- का0 अरूण कुमार थाना कैराना जनपद शामली।
- का0 पूरण सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

**पुलिस की अपील**

शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। **"नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर"** बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा-कारतूस व छुरा बरामदः-**

दिनांक 26.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अवैध छुरा बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सोयब पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम पठेड़ थाना कैराना जनपद शामली।

2.अनवर पुत्र सरवर निवासी ग्राम पावटी कलां थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त सोयब से बरामद)।

2.अवैध छुरा (अभियुक्त अनवर से बरामद)।



**थाना कोतवाली शामली/कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 27.09.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली/कैराना पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली/कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.संतरपाल पुत्र रामशरण निवासी कमाला थाना अमीनगर सराय जनपद बागपत।

2.शनि पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम खन्द्रावली थाना कांधला जनपद शामली।





**<u>शामली पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद कुल 20 माल वजन 22.136 किलोग्राम नशीले पदार्थों को मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।</u>**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन क्लीन" अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के निर्देशन में जनपद शामली द्वारा थानो पर लम्बित मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमरदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी कैराना श्री श्याम सिंह, क्षेत्राधिकारी थानाभवन श्री जितेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक डी0सी0आर0बी0 श्री यतेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद शामली के थाना कोतवाली शामली/ कैराना/कांधला/बाबरी के माल मोहर्रिर की मौजूदगी में आज दिनांक 27.09.2025 को एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद भिन्न-भिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ (गांजा-14.79 किलोग्राम, चरस-6.706 किलोग्राम, स्मैक 0.64 किलोग्राम) कुल 22.136 किलोग्राम को मारूति पेपर मिल शामली-सहारनपुर हाईवे ग्राम सिक्का जनपद शामली में स्थापित इन्सुलेटर भट्टी में समस्त माल को नष्ट कराकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

**<u>नष्ट किया गया एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित माल का विवरणः-</u>**

1.गांजा-14.79 किलोग्राम।

2.चरस-6.706 किलोग्राम।

3.स्मैक 0.64 किलोग्राम।



**<u>पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा जनपद शामली में RTC कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का सम्मेलन आयोजित किया गया।</u>**

आज दिनांक 27.09.2025 को **पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह** के निर्देशन में **पुलिस लाईन, शामली** में जनपद शामली में **RTC कर रहे रिक्रूट आरक्षियों** का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं में पूर्ण जागरूकता प्रदान करना था।

पुलिस अधीक्षक श्री एन0पी0 सिंह ने सम्मेलन के दौरान रिक्रूट आरक्षियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और जनता के प्रति समर्पित एवं ईमानदार होने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आरक्षी का कर्तव्य है कि वह **कानून का पालन, न्यायोचित कार्रवाई और नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता** सुनिश्चित करे। इसके साथ ही उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को टीम वर्क, आत्मविश्वास और प्रभावी संचार कौशल विकसित करने तथा आमजन से अपना आचरण, व्यवहार एवं भाषा शैली को उच्च कोटी का बनाए रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

सम्मेलन में रिक्रूट आरक्षियों ने प्रशिक्षण संबंधी अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को यह संदेश भी दिया कि पुलिसिंग केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज की सेवा और सुरक्षा का उच्चतम दायित्व है।

इस अवसर पर यह भी सुनिश्चित किया गया कि नए रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण व्यवस्थित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण हो, ताकि वे आगामी जिम्मेदारियों के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें और जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय योगदान दे सकें।

अंततः, पुलिस अधीक्षक ने सम्मेलन की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और रिक्रूट आरक्षियों को प्रेरित किया कि वे अपने प्रशिक्षण और कर्तव्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करें तथा जनपद शामली में कानून और शांति बनाए रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।



**<u>जिलाधिकारी शामली व पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना गढ़ीपुख्ता में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर आम जन की समस्याओं को सुनकर समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।</u>**

आज दिनांक 27.09.2025 को थाना गढ़ीपुख्ता पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान एवं पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह द्वारा आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जिसमें फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी शामली ने इस अवसर पर कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष, और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों की जांच मौके पर जाकर की जाए और उनका समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवाद, कानून व्यवस्था, और अन्य जनसामान्य से संबंधित मुद्दों पर तत्काल कार्रवाही के लिए संयुक्त राजस्व-पुलिस टीमें गठित की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से हो, ताकि आम जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे। इस दौरान कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य जटिल मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध जांच और समाधान के निर्देश दिए गए। विशेष बिंदु:भूमि विवाद और कानून व्यवस्था से संबंधित अधिकांश शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण के लिए संयुक्त टीमें गठित की गई। जनता से प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने हेतु प्रभावी कदम उठाए गए। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।



**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**